Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 17-12-2021 | अंक 87

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# सरकारी बैंको के नीजिकरण के विरोध में पूरे देश में दो दिन बंद रहे सभी सरकारी बैंक

## नीजिकरण आम जनता के लिए लाभदायक या नुकसानदेह, जानिए क्या कहती है आम जनता

**अपेम लाइवः बरही**
**कृष्णा प्रजापति**

केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा लिया गया निर्णय कि सार्वजनिक क्षेत्र के सभी सरकारी बैंक को नीजिकरण किया जाएगा, का पूरे देश में पूरजोर विरोध किया जा रहा है। बैंक कर्मी अपना विरोध जताने के लिए दो दिनो से हडताल पर है। हडताल के कारण पूरा बैंकिंग कार्य प्रभावित हुआ। करोडो रूपए का नुकसान हुआ। बरही में सभी सरकारी बैंक बंद रहे। आम जनता को काफी परेशानी हुई। बंदी के वजह से लोग हलकान रहे। लेकिन सवाल उठता है कि बैंको के नीजिकरण से आम जनता पर क्या प्रभाव पडेगा। इस बारें में जनता क्या सोचती है। इस संबंध में कुछ लोगों ने जहां नीजिकरण का सर्पोट किया हैं वहीं अधिकांश लोगों ने विरोध जताया है। आइए जानते हैं क्या कहती है आम जनता.........

### नीजिकरण के विरोध में

**1.युवा विरोधी निर्णयः बिरेंद्र यादव**



स्वामी विवेकानंद एकेडमी चार माइल के प्रधानाचार्य बिरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान में बेरोजगारी दर अपने उच्च स्तर पर है। युवा वर्ग रोजगार के लिए परेशान हैं। करोड़ों की संख्या में युवा बेरोजगार हो रहे हैं। सरकारी बैंक रोजगार का अच्छा साधन हैं। आइबीपीएस के माध्यम से सरकारी बैंकों के लिए बहुत से पदों पर चयन होता है, लेकिन बैंकों का निजीकरण होने से ये रोजगार भी खत्म हो जाएगा। निजी बैंकों में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का चयन ही मुश्किल है। निजीकरण बैंकों के वर्तमान स्टाफ के लिए भी हानिक.ारक हो सकता है। निजीकरण का यह निर्णय पूरी तरह युवा विरोधी है।

**2. मुकेश चौधरी शिक्षक**



गौरियाकरमा के शिक्षक मुकेश चौधरी ने नीजिकरण का विरोध करते हुए कहा कि बैकों का निजीकरण होना हम भारतीयों के लिए दुर्भाग्य है। आज जबकि सरकारी बैंकों में कम राशि होने पर पैसा काट लिया जाता है। इस महंगाई के दौर में कम से कम 1000 रुपए बैंक में रखना हमारी बजबूरी होती है। जब बैंकों का निजीकरण होगा तो उसमें कम से कम 5000 रुपए रखना पड़ता है। जो आम लोगों के बस की बात नहीं है।




**3.रंजीत कुमार, मार्केटिंग डेवलपमेंट ऑफिसर**



नीजीकरण का विरोध करते हुए मार्केटिंग डेवलपमेंट आ.फिसर रंजीत कुमार ने कहा कि बैंकों के निजीकरण से बैंक पूर्ण रूप से व्यवसायिक संस्थान बन जाएंगे समाज के अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधा पहुंचाने का सपना ध्वस्त हो जाएगा निजी क्षेत्र के बैंकों को देश और समाज के सामाजिक आर्थिक सरोकारों से जायदा स्वयं के हित से सरोकार होगा सरकार और आरबीआई कितने भी दावे करें उनका नियंत्रण निजी क्षेत्रों के बैंकों पर न्यूनतम ही रहेगा इसका ज्वलंत उदाहरण प्रधानमंत्री जनधन योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के क्रियान्वयन के समय हम देख चुके हैं इसमें निजी बैंकों का सहयोग राशि राष्ट्रीय गीत बैंकों से काफी कम रहा वर्तमान महामारी के दौर में हम देख चुके हैं कि निजी अस्पताल तथा अन्य निजी संस्थानों पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रहा बैंकों के निजी करण से भी ऐसे ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति निर्मित होने वाली है इसलिए मेरे नजर से निजी करण बिल्कुल ही गलत है।

**4.झलकदेव प्रसाद,युवा समाजसेवी**



सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का निजीकरण सभी समस्याओं का रामबाण इलाज नहीं है। क्योंकि येस बैंक एक निजी बैंक है लेकिन दिवालिया होने की स्थिति में था। इसलिए सरकार को बैंकों के बेहतर शासन, शून्य राजनीतिक हस्तक्षेप पर ध्यान देना चाहिए, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी नेता (सीईओ, अध्यक्ष, निदेशक) भ्रष्टाचार में शामिल न हो, बैंकों को स्वायत्तता प्रदान न करें। नीजिकरण से मनमानी बढेगी। रोजगार के अवसर कम होंगे। बेरोजगारी बढेगी।

**5.हीरामन साव, व्यख्याता आरएनवाइएम कॉलेज बरही**



इन्होंने नीजिकरण का विरोध करते हुए कहा कि नीजिकरण करना देश के बेरा.जगारों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। नीजिकरण से कारपोरेट घराने वालों को लाभ मिलेगा। आम जनता को कोई लाभ नही मिलने वाला है। देश की अर्थव्यवस्था एवं जीडीपी के लिए नुकसानदेह साबित होगा।

**6. राजेश कुमार, शिक्षक**



बैंकों का निजीकरण सही नही है, क्योंकि बैंकों का निजीकरण हो जाने से बैंकों कब मुख्य उद्देश्य समाजसेवा, लोक कल्याण, न होकर अत्यधिक मुनाफा कमाना राह जाएगा। आम जन को सस्ती बैंकिंग सेवायें उपलब्ध नही हो पाएगी। हमारा देश एक विक.ाशसील देश है। यहाँ नागरिकों को सरकार के द्वारा चलाया जा रहा है। कई जन कल्याणकारी सरकारी योजनाओं, या सरकारी मदद जो जनता को आसानी से सरकारी बैंकों में निशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। निजी बैंकों में भी ये सु.विधायें आसानी से उपलब्ध हो, इसमें संसय हो, क्योंकि उदाहरण हम देखे तो सरकार के द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री जन धन योजना, या प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, में सरकारी बैंकों की तुलना में निजी बैंक कम भागीदारी निभाते है।

### नीजिकरण के समर्थन में

**1.रितिक राजः**



न्यू कॉलोनी बरही निवासी छात्र रितिक राज ने नीजिकरण का समर्थन करते हुए कहा कि निजीकरण बिलकुल सही कदम है। बैंकों के निजीकरण इसलिए जरूरी है । क्योंकि 31 अगस्त तक लागू किए गए मोरेटोरियम और फिर 2 साल के लिए कर्जों के पुनर्गठन के बाद बैंकों में बड़े पैमाने पर पूंजी के नि.वेश की जरूरत है। कम.जोर आर्थिक स्थिति वाले सरकारी बैंकों के निजीकरण से सरकार को राहत मिलेगी, क्योंकि उन बैंकों में उसे साल दर साल पूंजी डालनी पड़ती है. हालांकि सरकार निजीकरण पर धीरे-धीरे आगे बढ़ने का प्लान तैयार कर रही है ताकि ज्यादा से ज्यादा रकम हासिल की जा सके। 2015 से लेकर 2020 तक केंद्र सरकार ने बैड लोन के संकट से घिरे सरकारी बैंकों में 3.2 लाख करोड़ रुपये का पूंजी निवेश किया था। इसके बाद भी इन बैंकों का मार्केट कैपिटलाइजेशन तेजी से कम हुआ है। कोरोना काल में तो यह संकट और गहरा हुआ

**2.सरकारी बैंको के मन.मानी से मिलेगी मुक्ति : प्रमोद कुमार सिंह**
भाजपा मंडल महामंत्री



प्रमोद कुमार सिंह ने नीजिकरण का समर्थन करते हुए कहा कि निजीकरण एक अच्छी पहल है परंतु इसके साथ-साथ सरकार को यह भी ध्यान देना होगा की देश के पुराने प्राइवेट बैंक जिस प्रकार लोगों पर अतिरिक्त चार्ज का बोझ डालते हैं । यह सिस्टम गलत है, क्योंकि बैंक लोगों के हित के लिए है ना कि शोषण करने के लिए सरकार को देश के नागरिकों के हित का ध्यान रखते हुए कड़े नियम बनाने की भी आवश्यकता है जिसके दायरे में रह कर बैंक कार्य करें क्योंकि सरकारी बैंकों में प्राइवेट बैंक के अपेक्षा नागरिकों को सस्ते ब्याज दर पर ऋण मिल जाता है परंतु कुछ बड़े सरकारी बैंक के कर्मचारी अपनी मन.मानी भी करते हैं जिस में सुधार लाने की आवश्यकता है शायद निजीकरण होने पर उनके भीतर सुधार हो।

**3.परमेश्वर प्रजापति, प्राइवेट शिक्षक**

मेरे विचार से बैंक निजीकरण ठीक है क्योंकि एक



सरकारी कर्मचारी का जितना वेतन है उतने वेतन में दो या तीन स्टाफ को रखा जा सकता है। इससे जो सक्षम है उसे रोजगार मिल जाएगा और आम जनता को काम में ढिलाई नहीं होगी अर्थात जो काम में दो या तीन दिन लग जाता है ।वह काम चंद समय में निपटा जा सकता है। अब तक सरकारी बैंक केवल क्वानटिटी पर फोकस करते हैं, जबकि नीजि बैंक क्वालिटी पर फोकस करते है। इससे पारदर्शी तरीके से काम हो पाएगे। सरकारी बैंक के जैसे नीजिकरण के बाद भी सरकार का नियंत्रण जरूरी है। यदि सरकार की नियंत्रण नही होती है तो निजीकरण बैंक निरंकुश भी हो सकती है।

# अनुमंडलीय अस्पताल में शुरू हुआ डिजिटल एक्सरे की सुविधा, विधायक ने किया उद्घाटन

## डिजिटल एक्सरे की सुविधा से गरीब असहाय लोगों को होगी सहूलियत : उमाशंकर अकेला

**अपेम लाइव : बरही**



(डीएस) डॉ प्रकाश ज्ञानी



डिजिटल एक्सरे का उद्घाटन करते विधायक अकेला

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में डिजिटल एक्सरे की सुविधा बहाल कर दी गई है। शुक्रवार देर शाम विधायक उमाशंकर अकेला एवं डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर सबसे पहले विधायक ने खुद का एक्सरे कराकर डिजिटल मशीन को चेक किया। मशीन ठीक तरीके से काम किया।। डिजिटल एक्सरे का उद्घाटन करते हुए विधायक ने कहा कि अस्पताल में डिजिटल एक्सरे की सुविधा हो जाने से गरीब असहाय लोगों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में भी वे सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, जो अन्य प्राइवेट अस्पताल में होती है। झारखण्ड सरकार झारखण्ड की जनता को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपल.ब्ध कराने के प्रति संकल्पित है। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने विधायक से ऑर्थोपेडिक सर्जन, शिशु रोग विशेषज्ञ सहित अन्य तरह की ड०क्टर की व्यवस्था के साथ अन्य कई तरह के संसाधन उपलब्ध कराने के प्रति ध्यान आकृष्ट कराया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, बरही विधानसभा विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, काँग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, स्वास्थ विभाग के विधायक प्रतिनिधि मो रुस्तम अली, शमशेर आलम, सुनील साहू, मो असलम, बीपीएम नारायण राम, बिनय सिन्हा, पंकज कुमार,संतीश निषाद,कुलदीप कुमार, नरेश कुमार, मो समसाद, मो उस्मान आदि लोग मौजूद थे।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत भण्डारो में लगा शिविर,
## विभिन्न विभाग के स्टॉल से लाभुक हुए लाभान्वित

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत भण्डारो पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि बरही विधानसभा सह कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामउद्दीन अंसारी, जीप प्रतिनिधि मो कयूम, बरही मध्य जीप प्रतिनिधि गणेश यादव, समाजसेवी बिरजू पासवन, मुखिया सकलदेव यादव, एम ओ आजाद सिंह, पप्पू खान, सराफत अली विधायक प्रतिनिधि अल्पसंख्यक कल्याण मोहम्मद वारिस, प्रयाग प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। सभी अतिथियों को आजीविका महिला मंडल की दीदियों के द्वारा स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर




कार्यक्रम का उद्घाटन करते जन प्रतिनिधि

आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। जिसमें जनता का समस्या का समाधान किया गया। मौके पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्टॉल लगाया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण-पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15 वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल-खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर व ऑडियो-विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई। इस शिविर में अरविंद कुमार, सुरेश यादव, सुलेमान अंसारी, विजय यादव, प्रकाश यादव ,कुर्बान अंसारी मोहम्मद मुस्तकीम , प्रयाग प्रसाद , पप्पू खान, अशोक ठाकुर, सराफत अली सहित महिला मंडल के सदस्यगण मौजूद थे।

## 17 दिसम्बर 1982 को सुप्रीम कोर्ट ने पेंशनरों के पक्ष में सुनाया था फैसला, तब से मनाया जाता है पेंशनर
## झारखंड राज्य पेंशनर समाज की ओर से मनाया गया पेंशनर दिवस

**अपेम लाइव : बरही**

झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा बरही की ओर से पेंशनर कार्यालय परिसर में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर समाज के अध्यक्ष रत्नेश्वर प्रसाद केसरी एवं संच. ालन राजेंद्र प्रसाद रुखरियार ने किया । इस अवसर पर पेंशनर दिवस के महत्व पर चर्चा करते हुए वरिष्ठ पेंशनर परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 17 दिसंबर 1982 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था,। गौरतलब हो कि भारतीय सुरक्षा लेखा सर्विस के अवकाश प्राप्त सुरक्षा अधिकारी डीएस नकारा से 1980 में रिट पिटीशन दायर किया था। जिसमें पेंशनर भाइयों को अवकाश प्राप्ति की



पेंशनर दिवस पर मौजूद पेंशनर

तिथि के आधार पर वर्गीकरण करके पेंशन के संशोधन का लाभ देने की चुनौती दी गई थी। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पेंशन धारियों को के पक्ष में फैसला दिया था । पेंशनर धारियों के पक्ष में 10 अन्य निर्देश सरकार को दिया था । तब से प्रत्येक 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस के रूप में पूरे भारतवर्ष में मनाया जाता है इस पेंशनर दिवस के अवसर पर सभी पेंशनरों ने एक दूसरे की स्वास्थ्य की कामना एवं दीर्घायु होने के लिए भगवान से प्रार्थना की। मौके पर परमेश्वर प्रसाद, रत्नेश्वर प्रसाद केसरी, राजेंद्र प्रसाद रुखरियार, तोखन प्रजापति, ब्रज किशोर शर्मा, हरिहर पांडेय, राधानाथ भगत, नारायण पंडित, मुरली मनोहर प्रसाद ,सुखदेव पांडेय, बालेश्वर प्रसाद उपेंद्र प्रसाद सहित कई पेंशनर मौजूद थे

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---18.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---शुक्ल पक्ष
तिथि :---चतुर्दशी तिथि 06:48 तक उपरांत पूर्णिमा तिथि
दिन :---शनिवार
नक्षत्र :---रोहिणी नक्षत्र दिन 01:37 तक उपरांत मृगशिरा नक्षत्र
योग :---साध्य
करण :---व
सूर्योदय :---प्रातः 06:47
सूर्यास्त : संध्या 05:13
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---वृष राशि में
आज का राहूकाल दिनः---09:00 बजे से दिनः---10:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज व्रत पूर्णिमा मनाई जाएगी।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660







APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरियठ्ठा में आजीविका सखी मंडल के तहत आजिविका महिला ग्राम संगठ्न का गठ्न

**अपेम लाइव : बरही**


संगठन मे शामिल महिलाएँ

बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के बरियठ्ठा में आ. जीविका सखी मंडल के तहत आजीविका महिला ग्राम संगठन का गठन मुखिया सीता देवी के हाथों फीता काटकर किया गया। जिसके विस्तार के लिए दुर्गा आजीविका सखी मंडल, गणेश आजीविका सखी मंडल कुल आठ सखी मंडल बनाया गया। मुखिया सीता देवी ने सभी सखी मंडल के दीदियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ये बहुत ही अच्छी पहल है दबे,छुपे महिलाओं को अपने परिवार के लिए घर संभालते हुए कुछ आर्थिक विकास एवं खुद को अपने आप पर निर्भर करने लिए यह एक सुनहरा अवसर है। आप मेहनत कीजिए हम साथ देंगे। मौके पर प्रखंड आजीविका सखी मंडल की संजू मेहता, बेबी देवी, पूजा कुमारी, मानती देवी, कविता देवी, चमेली देवी, बसमतिया देवी, किरण देवी एवं सरस्वती देवी मौजूद थे।

## नियमित विद्युत आपूर्ति को लेकर विधायक अमित यादव ने विधानसभा गेट पर धरना दिया

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**



धरना देते विधायक अमित कुमार व अन्य

बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने हजारीबाग जिले सहित झारखंड के सभी जिलों में नियमित विद्युत आपूर्ति को लेकर झारखंड विधानसभा भवन के मुख्य द्वार पर सरकार के विरुद्ध धरना दिया विधायक अमित यादव ने हाथों में 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति लिखा तख्ती थामे कहा सरकार को उच्च स्तरीय वार्ता कर डीवीसी के साथ बकाए बील को लेकर चल रहे विद्युत कटौती पर कड़ा रुख अपनाना चाहिए जिससे झारखंड वासियों को नियमित विद्युत आपूर्ति हो सके पानी झारखंड के कोयला झारखंड के नदियों झारखंड की डैम बावजूद डीवीसी की मन. मानी नही चलेगी इसके लिए सड़क से लेकर सदन तक लोकतांत्रिक ढंग से लड़ाई लड़ी जाएगी ।

## बाबा लाइन होटल में चोरों ने ताला तोड़कर किया चोरी, हजारों का सामान लेकर हुए फरार

**अपेम लाइव : बरही**



टूटा हुआ ताला दिखाते होटल संचालक

बरही धनबाद रोड में धोबियाडीह के नजदीक संचालित बाबा लाइन होटल में बीते रात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी कर लिया । इस बाबत होटल के संचालक बैजनाथ रजक ने बरही थाना में आवेदन देते हुए बताया कि मैं प्रत्येक दिन की तरह अपना होटल गुरुवार रात को 11 बजे बंद कर अपना घर चला गया। जब मैं सुबह 6 बजे अपना होटल आया तो देखा कि होटल का दरवाजा ताला टूटा हुआ हैनऔर समान इधर उधर बिखरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि चोरों ने मेरा 50000 का नुकसान किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## अर्जुनचंद्र यादव का शव रेलवे ट्रैक के निकट मिला

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




मृतक का फाइल फोटो

चलकुशा : प्रखंड के बडानो बराकर नदी पुल एवं दसरा ब्लॉक हॉल्ट के बीच पाँल संख्या 362/17 एवं 362/19 के बीच रेलवे ट्रैक के बगल शव पड़े रहने की सूचना चल. कुशा थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सिंह को दूरभाष के माध्यम से दिया गया ।जिसके बाद थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लिया ।जिसके बाद शव चलकुशा थाना लाया गया। शव की पहचान अर्जुन चंद्र यादव पिता वासुदेव यादव उम्र 42 वर्ष ग्राम पोस्ट दसारो थाना मरकच्चो जिला कोडरमा के रूप में किया गया ।परिजनों के द्वारा चल. कुशा थाना में लिखित आवेदन देकर 4 लोगों पर हत्या कर फेंक देने का आरोप लगाया है। वासुदेव यादव ने बताया कि हमारे पुत्र अर्जुन चंद्र यादव के साथ जेसीबी मशीन एवं जमीन को लेकर विवाद चल रहा था जिसकी पंचायत ग्रामीणों के द्वारा पूर्व में भी किया जा चुका है। शव को हजारीबाग सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## विजैया में जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने दुगोला का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**



कार्यक्रम का उदघाटृन करते जिप प्रतिनिधि मो0 क्युम

विजैया पंचायत के प्रधान दशरथ यादव के पिता स्व चमन माहतो के एकादश कार्यक्रम में दुगोला का आइजन किया गया। जिसका उद्घटान जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, विजैया पंचायत के प्रधान दशरथ यादव, पंचायत समिति सदस्य कांति देवी, समाजसेवी देवलाल कुशवाहा, समाजसेवी सुरेश कुशवाहा एवं बैजनाथ यादव ने संयुक्त रुप से फ़ीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के मुख्य कलाकार गायक संजय पासवन एवं अशोक राणा, ने लोगो के बीच एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए जिसने लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## शीतलहरी से बचाव के लिए सीओ ने की पांच स्थानों पर अलाव की व्यवस्था, चौकीदारों को लगाई ड्यूटी

**अपेम लाइव : बरही**


अलाव की व्यवस्था करते सीओ एडी टोप्पो

जिला प्रशासन के आदेश के आलोक में बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने शीतलहरी से बचाव के लिए बरही के कई सामूहिक स्थान पर अलाव की व्यवस्था कराया। सीओ ने लकड़ी की व्यवस्था कर करियातपुर, ब्लॉक गेट, अस्पताल के पास, देवचन्दा मोड़ सहित अन्य कई स्थानों पर अलाव जलाया। जिससे लोगों को काफी सहूलियत हुई।। जिला प्रशासन के आदेश के आलोक में सीओ ने पांच स्थानों को अलाव के लिए चिन्हित किया है। इनमे बरही चौक के चारो कॉर्नर, कोनरा चौक, रसोइया धमना मोड़, करियातपुर, देवचन्दा मोड़ शामिल है। प्रत्येक स्थान पर अलाव की व्यवस्था एवं जलाने की जिम्मेवारी एक एक चौ. कीदार को दिया गया है। बरही चौक के चारो कॉर्नर के लिए बिनोद राम, देवचन्दा मोड़ के लिए सुबेष कुमार यादव, कोनरा के लिए मो गयासुद्दीन , रसोइया धमना के लिए घनश्याम पासवान, करियातपुर के लिए महादेव गोप एवं कैलाश पासवान को ड्यूटी दी गई है।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमा

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर









## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत, शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## नितेश राणा के प्रतिभा का जलवा गोवा में दिखा, एशियन पॉवरलिफ्टिंग में जीता रजत पदक

**अपेम लाइव : चौपारन**

गोवा में आयोजित एशियन प०वरलिफ्टिंग चौंपियनशिप में चौपारण के बनाऊ का युवक का दिखा जलवा। अपने प्रतिभा का हुनर दिखाते हुए 16 वर्षीय नीतीश ने एशियन पावर. लिफ्टिंग चौंपियनशिप में रजत पदक जीता। मालूम हो कि एशियन पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप का आयोजन गोवा में 12, 13 एवं 14 दिसंबर को किया गया था। जिसमे झारखंड की ऐश्वर्या हाजरा ने तीन स्वर्ण पदक जीत कर एशिया स्ट्रांग वीमेंस का खिताब अपने नाम किया। वहीं नितेश कुमार राणा ने तीन रजत एवं संदीप कुमार ने एक स्वर्ण पदक जीत कर झारखंड का नाम रौशन किया है। कोच आकाश राज ने तीनो युवा खिलाड़ियों के कार्यकलाप एवं प्रतिभा पर खुशी व्यक्त कर उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। नितेश राणा द्वारा रजत पदक हासिल करने पर झारखण्ड विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष विकाश राणा । पूर्व बरही विधायक उम्मीदवार बिनोद विश्वकर्मा, चौय विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष मिथिलेश्वर प्रसाद राणा, सचिव डोमन राणा, विधायक प्रतिनिधि संरक्षक राजेन्द्र कुमार राणा, उमेश राणा, बीरेंद्र कुमार राणा, केदार राणा, कैलास राणा, शंकर राणा, अशोक राणा, मनोज राणा सहित विश्वकर्मा समाज ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया ।



रजत पदक विजेता नितेश राणा

## चानो में गरीब, बुजुर्ग एवं असहायों के बीच कंबल का वितरण

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ प्रखंड के चानो में शुक्रवार को गरीब, बुजुर्ग एवं असहायों के बीच ठंड के मद्देनजर कंबल का वितरण किया गया। पंचायत सचिवालय में पंचायत प्रधान पार्वती देवी एवं कार्यकारी पंसस युसूफ अंसारी ने झारखंड सरकार द्वारा प्रदत कंबलों का वितरण किया। पंचायत प्रधान ने कहा कि अपने पंचायत अंतर्गत सभी टोला के गरीब, असहाय एवं बुजुर्गों के बीच ठंड से बचाव के लिए कंबल बांटा गया। कहा कि अपने पंचायत की हरेक जनसमस्याओं को हल करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। जनता के बीच कार्य करने में खुशी की अनुभूति होती है। मौके पर पंचायत सचिव विजय कुमार मेहता, समाजसेवी द्वारिका महतो उर्फ डीएम, वार्ड सदस्य जगरनाथ महतो, शीला देवी, वंदना देवी, अनिता देवी, प्यारी रविदास, दशलाल मांझी, महादेव टुड्डू, फिरोज अंसारी, हाजी साबिर अंसारी, गुफरान अंसारी, विशुन रविदास, मकसूद अंसारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।




विष्णुगढ़ के चानो में कंबल वितरण करते पंचायत प्रधान समेत अन्य

## रेन्बो स्कूल मे तीसरी वार्षिक खेल प्रतियोगिता का 19 दिसंबर से 21 दिसंबर तक होगा आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत की शिवपुर गडलाही स्थित रेन्बो स्कूल मे तीसरी वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 19 दिसंबर से 21 दिसंबर तक होगा। निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि इसका आयोजन रेन्बो स्कूल मैदान में ही किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन तीन दिनों तक होगा। जिसमें छात्र और छत्राओ की दौड़ों का आयोजन होगा, वहीं दूसरे सत्र में जैबलिंग, खो- खो, ऊंची कूद, लंबी कूद, चक्का फेंक, गोला फेंक, म्यूजिकल चेयर, इत्यादि प्रतियोगिताएं होंगी। उन्होंने बताया कि इस खेल के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, थाना प्रभारी नीरज सिंह, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, डॉ अनिल कुमार, डॉ प्रकाश ज्ञानी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।




एसडीओ को निमंत्रण पत्र देते सिकन्दर प्र0 कुशवाहा

## नापोखुर्द में मुखिया प्रतिनिधि द्वारा प्रीति ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन किया गया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत नापोखुर्द पंचायत में शुक्रवार को मुखिया प्रतिनिधि चंद्रिका कुमार साव के द्वारा प्रीति ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन किया गया। मुखिया प्रति. निधि ने कहा कि ब्यूटी पार्लर खुल जाने से आस-पास के गांव के महिलाओं को काफी सुविधा होगी,अब महिलाओं को दूरदराज शहर नहीं जाना पड़ेगा। इस मौके पर भा. जपा के पूर्वी मण्डल मंत्री बिनोद महतो, कौशल कुमार, मुकेश कुमार, दिनेश मुंडा, विकाश कुमार, राजेश, कुमार एशियन पेण्ट, प्रीति देवी, रेणु देवी, सबिता देवी, लीला देवी, पुतुल देवी, नरेश राणा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



उद्घाटन करते मुख्य प्रतिनिधि

## अवैध कोयले की तस्करी करते 11 बाइक जब्त

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ पुलिस ने शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर कोयला तस्करी में लगे 11 बाइक को जब्त किया है। इन बाइ. कों पर 124 बोरी अवैध स्टीम कोयला लदा हुआ पाया गया। जब्त कोयले का वजन लगभग 3720 किलो है। छापेमारी में एक भी कोयला तस्कर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाया। थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने बताया कि बोकारो जिला के प्रतिबंधित वन क्षेत्र से कोयले की अवैध तस्करी में कई बाइक सवार जुटे हैं। जो विष्णुगढ़ व बगोदर इलाके की मंडियों एवं ईंट भट्ठों में अवैध रूप से बेचने का काम करते हैं। इसी सूचना पर मड़मो स्थित कारीमाटी पुलिया के पास जांच की गई तो 11 बाइक कोयला लेकर आते दिखे। पुलिस टीम को देखते हीं कोयला तस्कर अपनी बाइक को बीच सड़क पर छोड़कर अंधेरे तथा जंगल झाड़ियों का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने सभी बाइक एवं कोयला को जब्त कर लिया है। इसे लेकर जब्त सभी बाइक के चालक एवं मालिक के विरूद्ध प्रा. थमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कागजात जानवर का चारा दिखा, अवैध सखुआ का लड़की ले जा रहा तस्कर गिरफ्तार

**अपेम लाइव : चौपारण**



गिरफ्तार तस्कर

चोरदाहा चेकपोस्ट पर गुप्त सूचना पर कार्यवाई करते हुए चौपारण पुलिस व वन विभाग ने संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए एक ट्रक पर अवैध रूप से लदा बोटा सहित चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संदर्भ कि जानकारी देते हुए चौपारण थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो ने बताया कि सूचना मिला कि ट्रक संख्या बीआर 02 जीबी 2469 पर अवैध रूप से सखुआ बोटा लादकर चौपारण के रास्ते बिहार ले जाया जा रहा है। चेकपोस्ट पर तैनात एएसआई सहदेव मुंडा के अगुवाई में टीम गठित कर उक्त वाहन को रोका गया। थाना प्रभारी ने बताया कि चालक द्वारा कागजात मांगे जाने पर उसने जानवर का चारा लदा होने का कागजात दिखाया। लेकिन वाहन में अवैध रूप से 70 पीस महुवा का लड़की लदा मिला। इधर चौपारण पुलिस ने चौपारण थाना कांड संख्या 431/21 धारा 379/414/420/468/47 1/34 भा.द.वि. एंव 33/41/42 भारतीय वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए ट्रक चालक विनोद शर्मा, पिता शिवादत्त शर्मा ग्राम देहुनी थाना धोंसी जिला जहानाबाद (बिहार) को गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया गया।

## सिंघरावां में पूर्व विधायक ने एनएच 02 से प्रभावित रैयतों की सुनी समस्या

**अपेम लाइव : चौपारण**



बैठक में शामिल लोग

प्रखंड के सिंघरावां में छभ–02 सिक्स लाइन भूमि अधिग्रहण मुआवजा राशि लेने में भू अर्जन कार्यालय के द्वारा आ रही समस्याओं पर शुक्रवार को हनुमान मंदिर के प्रांगण में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को प्रभावित रैयतों ने अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। बैठक में रैयतों ने कहा भू अर्जुन कार्यालय द्वारा एक ही पंचाट में कई लोगों का नाम दर्शा कर प्रभावित रैयतों को कार्यालय द्वारा परेशान किया जा रहा है। कई खतियानी परिवार अपना सारा जमीन बेच दिए हैं। उनके वंशजों द्वारा भू अर्जन कार्यालय में आपत्ति देकर मुआवजा राशि को रुकवा दी गई है। बताते चलें तो कई रैयत ने भू अर्जन कार्यालय पर आरोप लगाते हुए कहा कि सारे दस्तावेज जमा हुए कई माह हो गए लेकिन मुआवजा राशि नहीं भेजी जा रही है। जो कमीशन दे रहा है। उसके खाते में पैसा भेजा जा रहा है। जो रैयत कमीशन नहीं दे रहे हैं वैसे लोगों का दस्तावेज न्यायालय भेजा जा रहा है। प्रभावित रैयतों का लंबित समस्या से ग्रस्त होकर आक्रोशित हैं। पूर्व विधायक रैयतों की समस्या सुनकर तत्काल मौके पर दूरभाष से जिला भू अर्जन पदाधिकारी से संपर्क किया। अधिकारी ने पूर्व विधायक से रैयतों के साथ एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा मंगलवार को जिला भू अर्जन कार्यालय में समस्या का निपटारा करने का सुझाव दिया। बैठक में बद्री साहू निर्मल साव, दामोदर साव, आदित्य साव, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र चंद्रवंशी, अरविंद मद्धेशिया हरेंद्र कुमार विकास गुप्ता मंटू शाह मनोहर ठाकुर लाल साहू राजेश साव, राजेंद्र साव, संतोष कुमार,केदार साव,घनश्याम विश्वकर्मा, दशरथ साहू सुनील कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिरनी में सड़क हादसे में युवक की मौत

### बकरी बचाने के कारण हुआ हादसा, आश्वासन के बाद रोड जाम हटा

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बैठक में शामिल लोग

बिरनी थाना क्षेत्र के कोवाड कोडरमा मुख्य मार्ग पर बेसिक स्कूल भरकट्टा के पास शुक्रवार के सुबह लगभग आठ बजे एक टेम्पू पलट जाने से टेम्पू में सवार एक व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर हो गई। व कई सवार जख्मी बताया गया है।इस घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि मृतक युवक पंकज राम 40 वर्ष पिता स्वर्ग अर्जुन राम बताया गया। जो तुलाडीह से भरकट्टा बाजार अपना हार्डवेयर का दुकान खोलने जा रहा था। टेम्पू जे एच 11 जे 7576 है जो कुसमय गांव का बताया जा रहा है। घटना के बाद चालक भागने में सफल रहा है। वही टेम्पू वाहन को पुलिस ने घटना स्थल से जप्त कर लिया है। टेम्पू बरहमसिया मोड़ से भरकट्टा की ओर आ रही थी। कि यह घटना घट गई।मृतक अपने पिछे दो लड़के एक लड़की और पत्नी छोड़ गया जिसका रो रोकर बुरा हाल है इस घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग को चार घण्टा तक मुवावजे की मांग को लेकर युक्त सड़क को जाम रखा। सूचना मिलते ही बिरनी थाना प्रभारी शर्मानन्द सिंह एस आई नवीन कुमार जे पी यादव समेत कई पुलिस कर्मी पहुचे ओर मामले की जानकारी लिया व बिरनी बीडीओ सुनील वर्मा के अस्वाशन के बाद सड़क जाम को हटाया गया। बिरनी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पा.`स्टमार्टम हेतु गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बिरनी प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सिंह भाजपा भरकट्टा मण्डल अध्यछ अशोक वर्माके वर्मा समेत कई अधिकारी नेता व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## बेतहाशा बिजली कटौती को लेकर अंबा प्रसाद ने विधानसभा में उठाई आवाज

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




विधायक अंबा प्रसाद ने विगत कुछ महीनों से हजारीबाग एवं रामगढ़ जिले में हो रही बेतहाशा बिजली कटौती को लेकर सदन में आवाज उठाई है । उन्होंने शून्यकाल की सूचना के माध्यम से लो. कहित में दोनों जिले में की जा रही बेतहाशा बिजली कटौती को बंद कर व्यापक बिजली उपलब्ध कराने हेतु सरकार से मांग की है।उन्होंने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि विगत कुछ दिनों से दोनों जिलों में बेतहाशा बिजली कटौती की जा रही है जिसके कारण आम जनजीवन, छात्र–छात्राओं के पठन–पाठन, उद्योग, व्यवसाय, कल– कारखानों में काम करने वाले मज. दूरों के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा हैद्य जिले के वासियों को लगातार बिजली कटौती की समस्या से जूझना पड़ रहा है तथा आम जनमानस में असंतोष व्याप्त है।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में लगातार तीसरे दिन विशेष शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



शिविर में शामिल लोग

कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने तीसरे दिन विशेष शिविर में भाग लिया। इसकी अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ योग प्रशिक्षण से हुआ। योग की प्रशिक्षिका ललिता कुमारी ने योग प्रशिक्षण दी। स्वयं सेवकों ने उत्साह पूर्वक योग सीखा। दूसरी पाली में नेतृत्व करने का उद्देश्य बताया गया। खेल के द्वारा यह समझाया गया कि योग्य नेताओं का चयन कैसे करें। स्वयं सेवकों ने उत्सा. हित होकर इस खेल को खेला इसमें तीन तरह के नेताओं के बारे में बताया गया। प्रथम नेता जो किसी काम को करने में सहयोग करते हैं। दूसरे नेता जो चुपचाप बैठकर हां में हां मिलाते हैं। लेकिन कुछ नहीं करते ।तीसरा नेता जो सिर्फ अधिकतर अपने स्वार्थ एवं कार्यो को नहीं करना चाहते हैं । राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो के नेतृत्व में तीसरे दिन का समापन हुआ। कार्यक्रम में प्रो. नि. रंजन प्रसाद नीरज, प्रो.अनू कुमारी, प्रो. ऋतुराज दास, प्रो. ललिता कुमारी, स्वयसेवकों में नीतू कुमारी, अफसाना प्रवीण, सुषमा कुमारी, प्रीति कुमारी, सीमा विश्वास , कांति , सोनू कुमार, ललिता, मुनिता, भास्कर कुमार आदि उप. स्थित थे।

## आंगो पंचायत मे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग अंजू कुमारी को व्हीलचेयर दिया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



शिविर में उपस्थित वीडियो जितेंद्र कुमार पांडे एवं अन्य

भगवान बिरसा जयंती व सरकार के 2 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बड़कागांव प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत आंगो के बाजार टाँड़ अंबा टोला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख राजमुन्नी देवी एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे तथा अंचला. धिकारी प्रभात भूषण सिंह ने किया। शिविर में विकास योजनाओं के विभागों के द्वारा स्ट०ल लगाया गया।शिविर में मुख्य रूप से दिव्यांग अंजू कुमारी पिता किशुन महतो अंगों निवासी को व्हीलचेयर दिया गया गया।वहीं वृद्धा विधवा पेंशन आदि से जुड़ी समस्याओं का निराकरण समेत ज०ब कार्ड समेत अन्य सामग्री का वितरण किया गया।लगाई गई स्टाल में मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा बाल विकास एवं परियोजना विभाग, आवास , मनरेगा, आत्मा, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग आदि के द्वारा स्ट०ल लगाया गया।जिसमें आम जनता को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करने के साथ ही समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया गया। वहीं शिविर में दिव्यांग एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया साथ ही कोविड 19 के मद्देनजर वैक्सीन कैंप भी लगाया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख राजमुनी देवी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन, मुखिया सीता मरांडी, प्रमुख प्रतिनिधि कालेश्वर गंझू, मुखिया प्रतिनिधि महादेव हंसदा,उप मुखिया रमन गंझू, आंगों पैक्स अध्यक्ष शिबू कुमार महतो, डीलर रामजीत गंझू, रमेश सिंह भोक्ता, दीपक कुमार,डहरू उराँव, राजू मुंडा,विमल टूडू , महावीर महतो, हीरामन महतो, प्रदीप कुमार, कमल कुमार, चंदन कुमार, आंगनवाड़ी सुप. रवाइजर अनुराधा पा. सवान,चंदन कुमार,सेविका मंजू कुमारी, विभा टोप्पो,अनिता कुमारी, शांति गाड़ी,अनीता हंसदा सहीत सैकड़ों महिला पुरुष उप. स्थित थे।

## टाटीझरिया के चुरचू में 75 लाख रुपये का मनरेगा पार्क का उद्घाटन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



कार्यक्रम में शामिल लोग

प्रखंड के डुमर पंचायत के चुरचू गांव में शुक्रवार को लगभग 75 लाख रुपये का मनरेगा पार्क का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त अभय कुमार सिन्हा, परियोजना पदाधिक. ारी, बीडीओ शाईनी तिग्गा, बीपीओ राजमोहन वर्मा आदि शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि सरकार के महत्त्वाकांक्षी योजनाओं में राज्य के सभी प्रखंडों में एक मनरेगा पार्क विकसित करने के तहत टाटीझरिया प्रखंड के चुरचू में इसका उद्घाटन किया गया है। यहां मनरेगा के द्वारा लगभग 10 एकड की भूमि में आम बागवानी, सुकर शेड, डोभा, आंगनबाड़ी केंद्र, टीसीबी, सीपीटी, कूप, नाडेप टैंक, वर्मी कम्पोस्ट, बोल्डर चेकडैम, पनसोखा, शौचालय निर्माण कार्य किया गया है। साथ ही दीदीबाडी योजना, गाय शेड आदि कई मनरेगा योजनाओं की प्रक्रिया चल रही है। महीनों पहले टाटीझरिया प्रखंड के डुमर पंचायत का चूरचू गांव में मनरेगा पार्क के लिए चयनित किया गया था। को. विड महामारी के काल में मनरेगा योजना से जुड़े मज. दूरों को काम मिल सके, इसके लिए उन्हें काम देकर पार्क का निर्माण किया गया। मजदूरी के साथ एक खू. बसूरत पार्क का निर्माण हो गया है। इस पार्क की विशेषता है मनरेगा के अंतर्गत संचालित कई योजनाएं इसकी शोभा बढ़ा रहे हैं। इस योजना से जुड़े मजदूरों को नियमित रोजगार यहां से मिल सकेगा। उद्घाटन के मौके पर मुखिया प्रदीप राम, पंचायत सचिव अर्जुन प्रसाद, संतोष मंडल, एई मनीषचंद्र, जेई शशांक भूषण, ग्राम रोजगार सेवक संतोष राम, अरूण राम, बीएफटी पप्पू कुमार ग्रामीण हरिलाल मांझी, रायमुनि देवी, सूरजदेव मांझी, देवचंद मांझी, फुलमुनि देवी, मुन्नालाल और मनरेगा से जुड़े मजदूर उपस्थित थे।

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



हेल्थ आई क्लिनिक गर्री कला और भल्ला आंख अस्पताल रांची के सौजन्य से प्रखंड के ग्राम बादम में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर ऑप्टोमेट्रिस्ट ड०क्टर सद्दाम हुसैन ने दर्जनों रोगियों का जांच किया। जांच के दौरान कई लोगों के मोतियाबिंद की पहचान की गई। साथ ही कई मरीजों को चश्मे का परामर्श दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से राजा खान, शहंशाह खान, चरका खान, इमरान, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



कार्यक्रम में शामिल लोग

बिरनी प्रखंड क्षेत्र के पड. रमनिया पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सभी अधिकारियों को पूरा जोर से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया सर्वप्रथम महात्मा गांधी के चित्र पर माला अर्पण कर कार्यक्रम का सुरुवात किया गया जिसमें बालविकाश परियोजना पशुपालन जे एस एल पी एस संस्था प्रधानमंत्री आवास प्रखण्ड आपूर्ति कोविड 19 टिक समेत सभी तरह के पेंशन मनरेगा समेत सभी तरह के प्रखण्ड व अंचल विभाग का स्टोल लगाकर लाभुकों का आवेदन लिया गया जिसमे ग्रामीणों का काफी भीड़ देखी गई बिरनी विडियो सुनील कुमार ने बताया कि राज्य सरकार का यह पूर्व घोसित कार्यक्रम है जिसको धरातल पर उतारने की जिम्मेवारी मिली है जिसको लेकर सभी पँचायत भवनों में यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिससे लोगो को इसका लाभ मिल रहा है।इस अवसर पर मुख्य रूप से बिरनी बीडीओ सुनील वर्मा सीओ अशोक राम पशुपालन पदाधिकारी नीरज कुमार सभी राजश्व उप निरीक्षक कम्प्यूटर अ०परेटर आंगनवाड़ी सेविका सहायिका पोषण सखी मुखिया कैलाश मंडल पँचायत सेवक रोजगार सेवक कपिल रजक समेत सभी प्रखण्ड व अंचल कर्मी के अलावा स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।




## बैंक कर्मियों के हड़ताल से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा

### बड़कागांव के एटीएम खुले रहे लेकिन नहीं थे पैसे

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव बैंक कर्मियों के लगातार दो दिन हड़ताल रहने के कारण खाता धारी उपभोक्ता को आर्थिक रूप से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आम लोगों तथा व्यापारियों को खासे परेशानियों का सामना करना पड़ा। एटीएम में पैसा नहीं निकलता देख लोग मायूस होकर वापस लौटने पर मजबूर हुए। एटीएम शोभा की वस्तु रह गया था । बनकर लोगों को बैलेंस जांच कर संतोष करना पढ़ा ।

## सत्र के दौरान विधानसभा में मजबूती से उठेगी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समस्या दूर करने की मांग

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने विधायक लम्बोदर महतो एवं दुल्लु महतो से मुलाक़ात कर दोनों विधायकों से रोशनलाल चौधरी ने बड़कागांव की विभिन्न जनसमस्याओं पर गंभीरता से चर्चा किया। बड़कागांव-केरेडारी में एनटीपीसी, पीवीयूएनएल ज़ियाडा, से जुडी विस्थापित -प्रभावितों की समस्या, कोलियरियों को एनओसी, किसानों की कर्ज माफ़ी, शिक्षण संस्थान की कमी, अस्पताल की कमी, बदहाल सड़क आदि जन समस्या को विधान सभा सत्र के दौरान उठाने की बात कही। मौके पर रोशनलाल चौधरी ने कहा की वे क्षेत्र की समस्या को दूर करने के लिए हरसम्भव प्रयासरत हैं।

## एनटीपीसी के निदेशकों द्वारा एमसीसी भवन का शुभारंभ

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



शुभारंभ के दौरान उपस्थित निदेशक टीम

पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा चलाई जाने वाली 21 किलोमीटर की कंवेयर बेल्ट को संचालित किए जाने वाले मशीन कंट्रोल सेंटर-2 एमसीसी भवन का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं एनटीपीसी के निदेशक (वाणिज्यिक) चन्दन कुमार मण्डल एवं निदेशक (परियोजना) उज्ज्वल कांती भट्टाचार्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर कोयला खनन मुख्यालय के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार, पकरी बरवाडीह परियोजना के कार्यकारी निदेशक एम. वी.आर.रेड्डी, महाप्रबंधक (बादम) संजय सेठ, महाप्रबंधक (परियोजना) नीरज जलोटा, अपरमहाप्रबंधक चन्द्रशेखर, बिस्वजीत चक्रवर्ती, आनंद जी अग्रवाल, अमित कुमार अस्थाना एवं सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। कंवेयर बेल्ट के प्रचालन में एमसीसी मुख्य भूमिका निभाती है एवं सभी नियंत्रण एक स्थान से ही संभव हो पाता है। यह कंवेयर बेल्ट को एनटीपीसी की एमडीओ त्रिवेणी-सैनिक द्वारा जुगरा में बनाया गया है। इसके पश्चात मुख्य अथिति टीपी-10 गए जहां पर कंवेयर बेल्ट द्वारा कोयला अंतिम रूप से गिराया जाएगा। उन्होने कंवेयर बेल्ट से कोयला ले जाने की पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया एवं सुरक्षा और गति के साथ काम करने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होने परियोजना द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए किए जाने वाले उपायों की प्रशंसा की। इस स्थान पर धूल के कणों को उड़ने से रोकने के लिए आधुनिक यंत्रों का इस्तेमाल किया गया है जिसमें लगातार पानी का छिड़काव किया जाएगा। एनटीपीसी द्वारा पर्यावरण को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए परिवहन स्थल पर लगातार पानी का छिड़काव किया जाता रहता है साथ ही कोयला निकालने के पश्चात ओबी डम्प पर हरियाली बनाए रखने के लिए पौधों को लगाया जाता है।



## आदिबासि कुड़मि समाज का बैनर पोस्टर, चंदा- रसीद, सदस्यता रसीद, जुड़्वाहि – कार्यक्रम या अन्य गतिविधि के लिए केंद्रीय कमिटि से अनुमति लेना आवश्यक होगा : जयनाथ कुमार महतो

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



जयनाथ कुमार महतो

आदिबासि कुडमि समाज के क्षेत्रिय प्रवक्ता मानगर जयनाथ कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा कि आदिबासि कुडमि समाज सरकार द्वारा निबंधित एक संस्था है। जिसकी स्थापना 1984 मे हुआ है। वर्तमान मे निबंधन 22 जून 2021 को संस्था नि. बंधन अधिनियम 21,1860; झारखंड सरकार के तहत निबंधिन संख्या -66/2021-2022 है।तथा निबंधित केंद्रीय कार्यालय एनएच -23, शहीद निर्मल महतो चौक, कोठार रामगढ़, झारखंड -829122 है और संस्था का कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण भारत है। आगे मानगर महतो ने कहा की आदिबासि कुड़मि समाज का बैनर-पोस्टर, चंदा-रसीद, सदस्यता रसीद, जडुवाहि-कार्यक्रम या किसी भी तरह का गतिविधि करने से पूर्व केंद्रीय कमिटी की अनुमति लेना आवश्यक होगा जो व्यक्ति ऐसा नहीं करेंगे उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर, या अन्य सोशल साइट्स पर ग्रुप चलाने के लिए भी जिला कमेटी या केंद्रीय कमिटी का अनुमति लेना अनिवार्य होगा। आदिबासि कुड़मि समाज द्वारा स्वीकृत ग्राम कमिटी, प्रखंड कमिटी, जिला कमिटी तथा संगठन के अन्य इकाइयों को अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है।

## दुखद खबर सुन, पहुंचे विधायक

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



चरही सीसीएल कोयलांचल समीप डाड़ी प्रखंड के हुवाग पंचायत के कठेरवहा में सुधेश्वर महतो का पुत्र का पिछले दिनों ब्रेन हेमरेज से मृत्यु हो गया था। इस खबर को सुन मांडू विधानसभा विधायक जयप्रकाश भाई पटेल परिवार के लोगों से मिलकर ढाढस बढ़ाने का बात कहा। विधायक ने दुखद परिवार से कहा कि हम सब आपके साथ हैं। साथ ही हर संभव मदद करने का बात कहा। मौके पर मंडल अध्यक्ष वकील महतो, महामंत्री गुल. चंद महतो, सर्वेश कुमार सिंह, बंसत प्रजापति, मंगलदेव महतो, नंदकुमार महतो, नारायण महतो, विक्रम महतो, सुदर्शन महतो, दशरथ महतो, हसनैन अंसारी, उदयनाथ महतो, महेंद्र महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सौ प्रतिशत वैक्सिनेशन को लेकर बी डी ओ ने किया प्रखण्ड के सभी विभागों के साथ बैठक

### डोर टू डोर सर्वे करेंगे बी एल ओ शिक्षक व अन्य कर्मी- हुलास

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



बैठक में शामिल लोग

शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो के नेतृत्व में प्रखंड के सभी कर्मियों के साथ एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में बी एल ओ शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका एवं अन्य विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। उपस्थित कर्मियों को प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने कहा कि जिनको वैक्स. ीनेशन नहीं पड़ा है उन्हें उक्त कर्मी प्रेरित कर वैक्स. ीनेशन सेंटर पर जाकर वै. क्सीन दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बी एल ओ, शिक्षक, जल सहिया, सहिया दीदी एवं अन्य कर्मी प्रत्येक गांव के प्रत्येक दरवाजे पर जाकर डोर टू डोर सर्वे करेंगे, प्रखंड में कितने लोग पहला डोज एवं कितने ला. ेगों को दोनों डोज पड़ चुका है,यदि जिन्हें दोनों दोज नहीं पड़ा है वैसे लोगों का सूची बनाकर उन्हें वैक्स. ीनेशन केंद्रों पर ले जाकर वैक्सिन दिलाना सुनिश्चित करेंगे । प्रखंड विकास पदा. धिकारी ने कहा कि जिस भी गांव में एक भी व्यक्ति छूटेगा तो उस गांव के या उसके अंदर के गर्मी जिम्मेदार होंगे।आगे उन्होंने कहा कि जो एक डोज लेकर बाहर चले गए हैं उनका भी सूची बनाना है और उन्हें जहां है वहीं वै. क्सीनेशन के लिए प्रेरित करना है बैठक मे वीडियो के अलावे पंचायती राज पदाधिकारी सतीश कुमार बैजनाथ कुमार एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

## रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया का कार्यकर्ता मिलन समारोह सह कंबल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**अपेम लाइव : माण्डू**




कार्यक्रम में शामिल लोग

बडगाव रामगढ जिले के माण्डू प्रखंड अंतर्गत बड़गांव पंचायत पंचायत बाजार में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया का कार्यकता मिलन समारोह शुक्रवार को राजेश प्रसाद की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड प्रदेश प्रभारी चंदन शर्मा, विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपाध्यक्ष मृत्युंजय ठाकुर, जयप्रकाश ,पर्यवेक्षक के रुप में संगठन के सचिव विपिन कुमार गिरी, पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह साथ ही पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता चंदन कुमार शामिल हुए वही इस दौरान राजेश प्रसाद को झारखंड प्रदेश कोषाध्यक्ष की नियुक्ती पत्र सौंपा गया साथ ही बढ़ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए सैकड़ो गरीब महिलाओ,पुरुषो एवं के बुजुर्गो के बीच गर्म कंबल का वितरण किया गया साथ ही पार्टी की विचारधारा से लोगों को अवगत करवाया मौके पर झारखंड प्रदेश प्रभारी चंदन शर्मा ने लोंगो को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है एवं जन सेवा करते हुए क्षेत्र का विकास करना है वही राजेश प्रसाद ने कहा की जमीनी स्तर पर काम करते हुए क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए मैं सदेव तत्पर रहूंगा ।

## बैंकों के निजीकरण से बैंक कमह्न के सुस्ती में तेजी आएगी तो कई ज्यादा रोजगार पर कमी आएगी : संजय यादव

**अपेम लाइव : बरही**



सरकारी बैंकों के निजीकरण के विरोध में पूरे देश में 2 दिनों से बैंक कर्मी हड़ताल पर है बैंक बन्द बैंकों के निजी करण पर सभी अपनी अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं बताते चलें कि बैंकों के निजीकरण से बैंक पूर्ण रूप से व्यावसायिक संस्थान बन जाएंगे। समाज के अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधा पहुंचाने का स्वप्न ध्वस्त हो जाएगा। निजी क्षेत्र के बैंकों को देश और समाज के सामाजिक-आर्थिक सरोकारों से ज्यादा स्वयं के हित से सरोकार होगा। सरकार और आरबीआइ कितने भी दावे करे उनका नियंत्रण निजी क्षेत्र के बैंकों पर न्यूनतम ही रहेगा। इसका ज्वलंत उदाहरण प्रधानमंत्री जनधन योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के क्रियान्वयन के समय हम देख चुके हैं। इनमें निजी बैंकों का सहयोग राष्ट्रीयकृ त बैंकों से काफी कम रहा। वर्तमान महामारी के दौर में हम देख रहे हैं कि निजी अस्पताल तथा अन्य निजी संस्थानों पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रहा। निजी अस्पतालों ने एक तरह से अराजकता का माहौल पैदा कर दिया था। इससे भी आगे बढ़ कर वर्तमान में हम सोशल मीडिया से जुड़ी विदेशी कंपनियों की दादागिरी को देख ही रहे हैं। वे देश के नियमों को धता बता कर इस देश में व्यवसाय करना चाहती हैं। बैंकों के निजीकरण से भी ऐसे ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति निर्मित होने वाली है।वर्तमान में बेरोजगारी दर अपने उच्च स्तर पर है। युवा वर्ग रा. ेजगार के लिए परेशान हैं। करोड़ों की संख्या में युवा बेरोजगार हो रहे हैं। सरक. ारी बैंक रोजगार का अच्छा साधन हैं। आइबीपीएस के माध्यम से सरकारी बैंकों के लिए बहुत से पदों पर चयन होता है, लेकिन बैंकों का निजीकरण होने से ये रा. ेजगार भी खत्म हो जाएगा। निजी बैंकों में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का चयन ही मुश्किल है। निजीकरण बैंकों के वर्तमान स्टाफ के लिए भी हानिकारक हो सकता है। निजीकरण का यह निर्णय पूरी तरह युवा विरोधी है।



समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने क्या कहाबैंकों के निजीकरण से निम्नलिखित लाभ प्राप्त होंगे

बैंक अपनी पूंजी स्वयं जुटाएंगे जिससे सरकार पर वित्तीय दबाव में कमी आएगी। अनुशासन में वृद्धि होगी तथा ग्राहकों को समुचित सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। बैंकों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी तथा ग्राहक सेवा के स्तर में वृद्धि होगी। कर्मच. ारियों में लालफीताशाही कम होगी।

**निजीकरण से युवाओ को होगा नुकसान**

सरकारी बैंकों का निजीकरण होने से युवाओ को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा। निजीकरण होने के बाद नौकरी में आरक्षण खत्म हो जाएगा। दिव्यांग युवाओ को बैंक में नौकरी नही मिलेगी। जरूरतमंद लोगों को बैंक से बाहर कर दिया जाएगा और अमीर लोंगो को ज्यादा सेवाएं दी जाएगी।

